सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र

विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र में दिनांक 05 जून 2017 को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र की पड़िला स्थित नर्सरी के वाह्य क्षेत्र में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम डा0 अमित पाण्डेय, वैज्ञानिक–जी तथा निदेशक, सा0वा0 एवं पा0पु0के0 के मार्ग दर्शन में किया गया। केन्द्र के वैज्ञानिकों डा0 अनीता तोमर, श्री आलोक यादव, डा0 अनुभा श्रीवास्तव, तकनीकी अधिकारीगण डा0 वी0पी0 पाण्डेय तथा डा0 एस0डी0 शुक्ला द्वारा सागौन, नीम, यूकेलिप्टस, मीलिया डूबिया, पीपल, पादल तथा औषधीय पौधों का स्थानीय जन की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रोपण किया गया। ग्राम पड़िला तथा शिवपुर के कृषकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। कृषकों की रूचि के अनुसार सागौन, पॉपलर, यूकेलिप्टस, नीम, सतावर, ऑवला, इमली आदि पौधों का वितरण किया गया।

सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र के सौजन्य से ही इलाहाबाद स्थित पुलिस लाइन प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक (विशेष कार्य बल) तथा सहयोगियों द्वारा नीम, पीपल, अमलतास, सतावर आदि पौधों का रोपण किया गया।

Glimpses of World Environment Day celebration at CSFER, Allahabad